हरियाणा विधान सभा

बजट सत्र 2026

अतारांकित प्रश्न
17 मार्च, 2026

कुल प्रश्न - 7

कच्चे रास्ते को पक्का करना

139 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या बावल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के खंड खोल के गांव अहरोद से गांव ढाणी सोभा तथा ढाणी सोभा से गांव ऊंचा तक जाने वाले 5-करम के कच्चे रास्ते को पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

पुराने बस स्टैंड की भूमि का हस्तांतरण

140 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि बावल शहर में नए बस स्टैंड के निर्माण के बाद प्राणपुरा सड़क पर स्थित पुराना बस स्टैंड जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त बस स्टैंड की अनुपयोगी भूमि को बावल नगरपालिका को हस्तांतरित

करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

महाविद्यालय में फर्नीचर तथा उपकरण उपलब्ध करवाना

141 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि बावल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव तिहाड़ा में सरकार द्वारा एक महिला महाविद्यालय का निर्माण किया गया है; यदि हां, तो उक्त महिला महाविद्यालय में आवश्यक फर्नीचर तथा उपकरण कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है; तथा

(ख) क्या सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से उपरोक्त महाविद्यालय को शुरू किए जाने की संभावना है?

वन्यजीव अभयारण्य या सामुदायिक आरक्षित क्षेत्र की स्थापना

142 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या बावल खंड के गांव झाबुआ (लगभग 800 एकड़) तथा गांव पावटी (लगभग 600 एकड़) की वन भूमि पर वन्यजीव अभयारण्य अथवा समुदाय आरक्षित क्षेत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त वन्यजीव अभयारण्य या समुदाय आरक्षित क्षेत्र कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

सफाई कर्मचारियों की कमी को पूरा करना

143 **श्री घनश्याम दास (यमुनानगर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) नगर निगम, यमुनानगर में स्वीकृत सफाई कर्मचारियों (सफाई कर्मियों) के पदों की संख्या कितनी है तथा वर्तमान में सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है; तथा

(ख) नगर निगम यमुनानगर में सफाई कर्मचारियों की कमी को सरकार द्वारा कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

अनधिकृत कॉलोनियों का नियमित करना

144 **श्री घनश्याम दास (यमुनानगर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) नगर निगम, यमुनानगर क्षेत्र में आने वाली अनधिकृत कॉलोनियों की कुल संख्या कितनी है; तथा

(ख) इनमें से कितनी कॉलोनियों को नियमित करने के लिए नगर निगम, यमुनानगर द्वारा प्रस्ताव भेजे गए हैं तथा इन कॉलोनियों को कब तक नियमित किए जाने की संभावना है?

व्यायामशालाओं की मरम्मत करना

145 **श्री घनश्याम दास (यमुनानगर):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) यमुनानगर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों में व्यायामशालाओं की कुल संख्या कितनी है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त अधिकांश व्यायामशालाएं जीर्ण- शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो इनकी मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है?